भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 814

(जिसका उत्तर मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 को दिया गया)

शेल कंपनियों की पहचान

814. श्री नीरज डांगी:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में शेल कंपनियों की पहचान करने के लिए कोई स्मार्ट तंत्र विकसित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अब तक ऐसी शेल कंपनियों के विरुद्ध इस संबंध में की गई कार्रवाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): कंपनी अधिनियम में ''शेल कंपनी'' शब्द की कोई परिभाषा नहीं दी गई है। यह सामान्यत: बिना सक्रिय व्यवसाय संचालन अथवा महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों वाली कंपनी को संदर्भित है, जिसे कुछ मामलों में कर अपवंचन, धन शोधन, अस्पष्ट स्वामित्व, बेनामी संपत्तियों इत्यादि जैसे अवैध प्रयोजन के लिए प्रयोग किया जाता है। ''शेल कंपनियों'' के मामले में जांच पडताल करने के लिए सरकार द्वारा गठित विशेष कार्यबल ने, अन्य बातों के साथ-साथ, शेल कंपनियों की पहचान करने हेतु अलर्ट के रूप में कतिपय लाल पताका संकेतकों का उपयोग करने की संस्तुति की है। सरकार ने शेल कंपनियों की पहचान करने तथा उन्हें स्ट्राइक ऑफ करने के लिए विशेष मुहिम चलाई है।

जारी...2/-

धारा 248 के अंतर्गत राज्य /संघ राज्य क्षेत्र-वार स्ट्रक ऑफ कंपनियों की कुल संख्या निम्नवत् है:

राज्य का नाम	स्ट्रक ऑफ कंपनियों की संख्या
	2018 से जून, 2021
आरओसी-अहमदाबाद	9243
आरओसी-अंडमान	41
आरओसी-बंगलौर	11185
आरओसी-चंडीगढ	4908
आरओसी-चेन्नई	11217
आरओसी-छत्तीसगढ	947
आरओसी-कोयंबटूर	2992
आरओसी-कटक	3731
आरओसी-दिल्ली	45595
आरओसी-एर्नाकुलम	9189
आरओसी-गोवा	597
आरओसी-ग्वालियर	4920
आरओसी-हिमाचल प्रदेश	858
आरओसी-हैदराबाद	20488
आरओसी-जयपुर	9222
आरओसी-जम्मू	393
आरओसी-झारखंड	1848
आरओसी-कानपुर	15803
आरओसी-कोलकाता	15022
आरओसी-मुंबई	52869
आरओसी-पटना	4683
आरओसी-पुदुचेरी	191
आरओसी-पुणे	5552
आरओसी-शिलांग	1256
आरओसी-उत्तराखंड	555
आरओसी-विजयवाड़ा	4918
कुल	**238223**

****